Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to redress the grievances of the employees of District Village Development Agency (DRDA) in Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : महोदय, केन्द्र के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को लागू करने के लिए डी.आर.डी.ए जिला ग्राम्य विकास अभिकरणों की स्थापना देश के विभिन्न राज्यों में की है परन्तु उत्तर प्रदेश के द्वारा निरंतर प्रयासों के बाद भी अभी भी उन डी.आर.डी.ए कर्मियों को घोाणा अभी तक सरकारी कर्मी के रूप में नहीं किया गया है। पंचम वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू करने सहित अन्य सुविधायें जैसे सेवानिवृत्ति की आयु 60 साल करना, मृतक आश्रितों की नौकरी का प्रावधान व पदोन्नति व स्थानांतरण को लेकर उक्त कर्मी जो 25 सालों से कार्यरत है अभी तक उपयुक्त निर्णय नहीं लिया गया, इस कारण उक्त कर्मी उत्तर प्रदेश में आंदोलनरत हैं।

मेरी केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह है कि इस ओर ध्यान दें तथा उक्त डी.आर.डी.ए कर्मियों के लिए राज्य सरकार को उ पयुक्त निर्देश करें।